हिंदी दैनिक

# न्यूज़ वायरस

वर्ष : 11 अंक : 302 देहरादून, शुक्रवार, 26 मई, 2023 मूल्य : एक रुपया पृष्ठ : 08



जी-20 में 'जेंडर एंड करप्शन' विषय पर एक चर्चा का हुआ आयोजन 3


# पीएम मोदी ने उत्तराखंड को दी पहली वंदे भारत की सौगात, हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून 26 मई : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से देहरादून से दिल्ली के लिए पहली वंदे भारत एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिल्ली और देहरादून के बीच ये चलने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन देश की राजधानी को और तेज गति से जोड़ेगी। इस ट्रेन से दिल्ली और देहरादून के बीच रेल सफर में अब समय काफी कम हो जाएगा। ट्रेन में जो सुविधाएं हैं वो इस सफर को आनंददायक बनाने वाली हैः

अपने संबोधन में पीएम मोदी ने कहा कि पर्वतमाला योजना उत्तराखंड का भविष्य बदलने जा रही है। ट्रेन शुरू होने से राज्य में आने वाले यात्रियों के लिए फायदेमंद होगा। वंदे भारत भारत के सामान्य परिवारों की पहली पसंद बनती जा रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि अभी कुछ घंटे पहले ही मैं तीन देशों की यात्रा करके आया हूं आज पूरा विश्व भारत को उम्मीदों से देख रहा है। हमने जिस तरह अपनी अर्थव्यवस्था को मजबूती दी है, जिस तरह हम गरीबी से लड़ रहे हैं उसने पूरी दुनिया का विश्वास जगा दिया है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि उत्तराखंड आज जिस तरह से कानून-व्यवस्था को सर्वोपरि रखते हुए विकास के अभियान को आगे बढ़ा रहा है वो बहुत सराहनीय है। मेरा विश्वास है कि ये देवभूमि आने वाले समय में पूरे विश्व की आध्यात्मिक चेतना के आकर्षण का केंद्र बनेगी। हमें इस सामर्थ्य के अनुरूप भी



उत्तराखंड का विकास करना होगा। इससे पहले, इस दौरान मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि यह रेलवे का स्वर्णिम युग है। स्वदेश में निर्मित सेमी हाईस्पीड ट्रेन यहां से चलने जा रही है।

जल्द ही दुर्गम इलाकों में भी ऐसी ट्रेनें चलाई जाएंगी। पहाड़ के लिए यह सब सपना था। जल्द ऋषिकेश से कर्णप्रयाग तक ट्रेन चलेगी। केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि बहुत सौभाग्य का दिन है..पीएम ने देवभूमि को वंदे भारत की बहुत बड़ी सौगात दी है, 10 साल जब रेलवे की विकास की बात आती थी तो केंद्र सरकार की तरफ से 187 करोड़ रुपए मिलते थे और 2014 में मोदी जी जब आए तो उन्होंने तुरंत उत्तराखंड के लिए फंड की व्यवस्था की। उत्तराखंड में रेलवे के लिए 2000-4000 करोड़ रुपए तक की व्यवस्था की और इस बार उन्होंने 5000 करोड़ रुपए की व्यवस्था की।



## यह होगा ट्रेन का शेड्यूल

देहरादून से दिल्ली

| स्टेशन | समय |
|---|---|
| देहरादून | 7.00 बजे |
| हरिद्वार | 8.04 बजे |
| रुड़की | 8.49 बजे |
| सहारनपुर | 9.27 बजे |
| मुजफ्फरगनर | 10.07 बजे |
| मेरठ | 10.37 बजे |
| आनंद विहार | 11.45 बजे |

दिल्ली से देहरादून

| स्टेशन | समय |
|---|---|
| आनंद विहार | शाम 5.20 बजे |
| मेरठ | 6.38 बजे |
| मुजफ्फरनगर | 7.08 |
| सहारनपुर | 7.55 |
| रुड़की | 8.31 |
| हरिद्वार | 9.15 |
| देहरादून | 10.35 |


# उत्तराखंड : पहाड़ से लेकर मैदान तक बारिश, कहीं राहत कहीं आफत

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

उत्तराखंड 26 मई : प्रदेश के ऊंचाई वाले इलाकों से लेकर मैदानों तक मौसम ने करवट ली तो लोगों को गर्मी से राहत मिली, लेकिन वहीं बारिश से चारधाम यात्रियों के लिए मुश्किल खड़ी हो गई है। चमोली में बर्फबारी और बारिश के कारण हेमकुंड साहिब की यात्रा घांघरिया में रोक दी गई है।गोविंदघाट गुरुद्वारे के वरिष्ठ प्रबंधक सरदार सेवा सिंह ने बताया कि हेमकुंड साहिब में बीती रात से बारिश हो रही है। घांघरिया में करीब 1130 यात्री रोके गए हैं। हालांकि बदरीनाथ धाम की तीर्थ यात्रा सुचारू रूप से चल रही है।

बीते दिन सुबह बारिश के बीच ही तीर्थयात्रियों ने भगवान बद्रीविशाल के दर्शन किए।वहीं केदारनाथ और यमुनोत्री धाम में भी मौसम खराब है। सुबह बारिश का सिलसिला जारी है, जबकि हिमालय क्षेत्र में बर्फबारी हो रही है।

इधर मसूरी शहर में हुई बारिश और तेज हवा से पेड़ गिर गया। कुछ देर के लिए मालरोड अवरुद्ध रही। पेड़ गिरने की सूचना पर मौके पर फायर रेस्क्यू की टीम पहुंची। रेस्क्यू टीम ने पेड़ को काटकर बंद माल रोड को खोला।मौसम विभाग ने उत्तराखंड के ऊंचाई वाले इलाकों में तेज झोंकेदार हवाओं के साथ बारिश की आशंका जताई थी। 26 मई को बारिश का ऑरेंज और 27 मई को येलो अलर्ट जारी



किया है। मौसम विभाग ने नैनीताल, पौड़ी, ऊधमसिंह नगर और हरिद्वार जिले में 26 और 27 मई को बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है। यहां 40 से 50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से झोंकेदार हवाएं भी चलेंगी।

# उत्तराखंड बोर्ड : हाईस्कूल में 85.17 इंटरमीडिएट में 80.98 फीसदी रहा

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

सूबे के विद्यालयी शिक्षा मंत्री डा. धन सिंह रावत की मौजूदगी में गुरुवार को उत्तराखंड विद्यालयी शिक्षा परिषद की बोर्ड परीक्षाओं का परिणाम घोषित कर दिया गया । परिषदीय परीक्षा-2023 के तहत हाईस्कूल का कुल परीक्षाफल 85.17 प्रतिशत जबकि इंटरमीडिएट का परीक्षा परिणाम 80.98 प्रतिशत रहा। विभागीय मंत्री डा. रावत ने बोर्ड परीक्षा में उत्तीर्ण सभी छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुये उन्हें बेहतर भविष्य के लिये शुभकामनाएं दी। उन्होंने बोर्ड परीक्षाओं के सफल आयोजन और समय पर परीक्षाफल जारी करने के लिये विभागीय अधिकारियों एवं शिक्षकों की पीठ थपथपाई। साथ ही उन्होंने अगले वर्ष बोर्ड परीक्षा परिणाम 30 अप्रैल को घोषित करने के निर्देश अधिकारियों को दिये।बोर्ड परीक्षाओं में बालिकाओं के बेहतर प्रदर्शन पर खुशी जाहिर करते हुये डा. रावत ने कहा कि लड़कियां अब हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही है जोकि महिला सशक्तिकरण की दिशा में शुभ संकेत हैं।

विभागीय मंत्री ने बताया कि हाईस्कूल में इस वर्ष 1 लाख 27 हजार 844 छात्र-छात्राओं ने परीक्षा दी जिनमें एक लाख 8 हजार 890 परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुये। जिसमें संस्थागत परीक्षार्थियों का उत्तीर्ण प्रतिशत 85.58 जबकि व्यक्तिगत परीक्षार्थियों का उत्तीर्ण प्रतिशत 56.16 रहा है। ऐसे ही इंटरमीडिएट की परीक्षा में 1 लाख 23 हजार 945 परीक्षार्थी सम्मिलित हुये जिनमें से एक लाख 380 परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुये। इसमें संस्थागत परीक्षार्थियों का उत्तीर्ण प्रतिशत 81.46 तथा व्यक्तिगत परीक्षार्थियों का उत्तीर्ण प्रतिशत 64.28 रहा। प्रदेश की हाईस्कूल

## शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने जारी किया रिजल्ट



परीक्षा 2023 में जनपद रुद्रप्रयाग 91. 67 प्रतिशत के साथ पहले जबकि इंटरमीडिएट में जनपद अल्मोड़ा 87. 33 प्रतिशत के साथ प्रथम स्थान पर रहा।डा. रावत ने 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षा में उत्तीर्ण व प्रदेश की संयुक्त श्रेष्ठता सूची में स्थान प्राप्त करने वाले सभी छात्र-छात्राओं एवं उनके अभिभावकों को बधाई दी। उन्होंने बोर्ड परीक्षा में फेल होने वाले छात्र-छात्राओं को दोबारा कड़ी मेहनत कर अच्छे अंकों से पास होने लिये प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि जो छात्र-छात्राएं एक या दो विषय में फेल हुये हैं, उन्हें शीघ्र ही अंक सुधार परीक्षा देने का मौका दिया जायेगा।

# गले में होने वाले संक्रमण के लिए, होम्योपैथिक डॉक्टर से सलाह ले ?



न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 26 मई : गले का संक्रमण किसी को भी प्रभावित कर सकता है। आपके गले में सूजन और दर्द महसूस होगा और निगलने में कठिनाई हो सकती है। फ्लू और सामान्य सर्दी फ्लू वायरस एलर्जी , जीवाणु संक्रमण , प्रदूषित हवा में सांस लेने या धूम्रपान के साथ संक्रमण का कारण बन सकता पारंपरिक उपचार केवल लक्षणों को दबा देता है; इसके दुष्प्रभाव भी हैं। होम्योपैथी केवल लक्षणों को दबाने पर ध्यान केंद्रित करने के बजाय रोग को भीतर से जड़ से खत्म करने पर केंद्रित है। सभी होम्योपैथिक उपचार धीरे-धीरे आपकी बीमारी का इलाज और इलाज करते हैं और इसका कोई दुष्प्रभाव नहीं होता है। बेलाडोना : बेलाडोना गले के संक्रमण के लिए सबसे अच्छा होम्योपैथिक उपाय है। बेलाडोना टॉन्सिलिटिस आपके गले के अंदर सफेद पैच के साथ सूजे हुए और लाल टॉन्सिल) और निगलने में कठिनाई के लिए भी अच्छा है।

**हेपर सल्फ :** यदि आपके गले में खराश के साथ छर्रे जैसी सनसनी है, तो लक्षणों के इलाज में हेपर सल्फ बहुत फायदेमंद हो सकता है। फास्फोरस : पादरियों के गले (बोलने पर स्वरयंत्र में गुदगुदी) के लिए फास्फोरस सबसे अच्छी औषधि है। लैकेसिस : गले में खराश होने पर तरल पदार्थ निगलने में कठिनाई का इलाज लैकेसिस के साथ किया जाता है। लैकेसिस के साथ क्रोनिक टॉन्सिलिटिस का भी इलाज किया जाता है। इग्नाटिया : अगर आपको लगता है कि आपके गले में गांठ है और आप आसानी से खाना नहीं खा सकते हैं, तो इग्नाटिया अच्छा काम कर सकता है।

ब्रायोनिया : गले में खराश के साथ-साथ सूखी खांसी के इलाज के लिए ब्रायोनिया का उपयोग किया जाता है। ड्रोसेरा : गले में खराश के साथ आक्षेपिक, सूखी खांसी का सबसे अच्छा इलाज ड्रोसेरा से किया जाता है। मर्क सोल : मर्क सोल के साथ लाल, सूजे हुए और गले में खराश का इलाज किया जाता है। गले की समस्या जो मौसम में




बदलाव के साथ बिगड़ जाती है, इस दवा से ठीक की जा सकती है।

**आर्सेनिकम एल्बम :** यदि आपकी सामान्य सर्दी भी आपको गले में खराश देती है, तो आप आर्सेनिकम एल्बम का विकल्प चुन सकते हैं। यदि आपकी नाक से पानी जैसा और पतला स्राव है तो भी यह दवा उपयोगी है। एकोनाइट : सामान्य सर्दी और छींक के कारण होने वाली जलन और दर्दनाक गले में खराश का इलाज एकोनाइट से किया जाता है। कॉस्टिकम : कभी-कभी चिल्लाने से या लगातार जोर से बात करने से आपका गला खराब हो सकता है। ऐसे में कॉस्टिकम फायदेमंद साबित हो सकता है।

यदि आपका गला खराब है और आपकी आवाज पर जोर देने के बाद कच्चा और खराब महसूस होता है, तो Argentum Metallicum मददगार है। कैमोमिला : कैमोमिला ज्यादातर उन बच्चों को दी जाती है जिनके गले में खराश होती है और उनकी छाती में बलगम बनता है। बैराइटा कार्बोनिका : बच्चों में बढ़े हुए टॉन्सिल, दर्दनाक और गले में खराश का सबसे अच्छा इलाज बैराइटा कार्बोनिका से किया जाता है।

# खर्राटों के कारण 20 फीसदी जोड़े एक साथ नहीं सोते



न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 26 मई : पति-पत्नी और जोड़ों का एक ही घर में रहकर अलग-अलग सोना सामान्य होता जा रहा है। इंटरनेशनल हाउसवेयर्स एसोसिएशन द्वारा जनवरी में किए गए 2200 अमेरिकियों के सर्वे के अनुसार लगभग बीस फीसदी जोड़े अलग बेडरूम में रात गुजारते हैं। घरों को अलग सोने के हिसाब से डिजाइन कराने वाले जोड़ों की संख्या बढ़ी है।

इंटीरियर डिजाइनरों का कहना है, युगल चाहते हैं कि दूसरे बेडरूम की साजसज्जा भी मुख्य कमरे के समान होनी चाहिए। संभवतः ऐसे जोड़े हर किसी के लिए अलग कमरे को अच्छा मानते हैं। वे रात की अच्छी नींद जोड़ीदार के खर्राटों या सोशल मीडिया पर देर रात तक उसकी सक्रियता के कारण नहीं गंवाना चाहते हैं। वैसे, कई विशेषज्ञ और वैवाहिक सलाहकार इस व्यवस्था से सहमत हैं। नवादा लास वेगास यूनिवर्सिटी में फैमिली थेरेपी प्रोग्राम की प्रोफेसर कैथरीन हर्टलीन कहती हैं, अलग सोने के फैसले के पीछे कुछ और कारण हो सकते हैं। क्या पार्टनर के बार-बार करवट बदलने से दिक्कत है? या घर की गंभीर समस्याओं पर चर्चा करने से बचने का बहाना है? या टकराव के बिना एक-दूसरे से बचने का तरीका है?

कुछ विशेषज्ञ मानते हैं, एक साथ सोने से युगल के बीच अंतरंग रिश्ते मधुर होते हैं। लोग प्रेम करने और जिंदगी साथ में गुजारने के लिए शादी करते हैं। इसलिए एक साथ सोने से संबंध गहरे होते हैं। हाउसवेयर्स एसोसिएशन के सर्वे में 46 प्रतिशत लोगों का कहना है कि पार्टनर के जमकर खर्राटे लेने या बहुत अधिक करवट बदलने से तंग आकर उन्होंने अलग कमरे में रात गुजारने का निर्णय लिया है। अन्य कारण सोने का अलग समय या किसी काम में व्यस्त रहना भी है। बीस प्रतिशत लोगों ने कहा चूंकि वे अपने लिए अलग स्थान चाहते हैं इसलिए अलग सोते हैं। 22 फीसदी लोगों ने बताया कि उन्होंने पिछले साल ही दूसरे कमरे में सोना शुरू किया है। इससे लगता है कि यह चलन अब बढ़ रहा है। वर्षों एक बिस्तर पर रात गुजारने के बाद अलग सोने वाले पति-पत्नी भी हैं। कुछ बुजुर्ग अपने परिवार के किसी जोड़े के अलग सोने को उचित नहीं मानते हैं।

इंटरनेशनल हाउसवेयर्स एसोसिएशन के अनुसार उनके सर्वे में शामिल 31 प्रतिशत जोड़ों ने बताया कि अलग सोने से उनके संबंधों पर कोई असर नहीं पड़ा है। 21 फीसदी ने तो कहा कि इससे उनके रिश्ते बेहतर हुए हैं।

बाकी लोग इस व्यवस्था को बहुत अच्छा नहीं मानते हैं. अमेरिका में कई जोड़ों ने महामारी के बीच अलग कमरे में सोना शुरू किया है। ह्यूस्टन की कारा न्यूहार्ट बताती हैं, हम महामारी में अलग बेडरूम में सोने लगे थे। अब हमें यह अच्छा लगने लगा है। मैं अपने कमरे में स्वतंत्र महसूस करती हूं। हमारी प्राइवेसी भी बनी रहती है। उन्होंने अपना शयनकक्ष अपनी रुचि के हिसाब से डिजाइन करवाया है।

# यहां लाइफ में सिर्फ 1 दिन नहाती हैं लड़कियां ?



न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 26 मई : भारत ही नहीं दुनिया में कई ऐसे देश हैं जहां के अनोखे रिवाज चर्चा की विषय बने रहते हैं. कइयों पर तो भरोसा करना भी मुश्किल होता है. ऐसे ही कई परंपरा निभाई जाती है अफ्रीका की हिम्बा जनजातियों के बीच. जहां, लोग मेहमानों के साथ बीवी को सुलाते है और यहां लड़कियां सिर्फ एक ही दिन नहाती हैं वो भी अपनी शादी के रोज. आइये जानते हैं क्या है इसका कारण और क्या हैं हिंबा जनजाति अन्य परंपरा..

हिंबा जनजाति अफ्रीकी देश नामीबिया के कुनैन प्रांत में निवास करती है. ये इलाका दुनिया के सबसे सूखे इलाकों में से एक है. इसी कारण हिंबा जनजाति में कई ऐसी परंपराएं और रीति-रिवाज होते हैं जो लोगों को अचरज में डालते हैं. इनकी कई परंपराएं पानी के इस्तेमाल पर निर्भर होती हैं. हिंबा जनजाति की लड़कियों के केवल एक ही दिन नहाने की परंपरा है वो भी शादी के दिन. ऐसा वहां पानी की कमी के कारण किया जाता है. हालांकि, सारी उम्र न नहीने के बाद भी इनकी महिलाओं के शरीर से बदबू नहीं आती. इसके लिए वो एक खास किस्म का पेस्ट का उपयोग करती हैं जो तेल में एक खनिज की धूल मिलाकर तैयार किया जाता है.

यहां महिलाएं जिस लेप का उपयोग करती हैं वो सिर्फ गंध मिटना के लिए ही नहीं बल्की कई और काम आता है. ये खास लेप इन महिलाओं को धूप से बचाने के साथ ही कीट पतंगों से त्वचा की रक्षा करता है. इससे महिलाओं के चेहरे पर निखार आता है जिससे इनका रंग हल्का दिखाई देता है. हिंबा जनजाति महिलाएं जड़ी बूटियों का धुआं अपने शरीर में लगाती हैं. यहां के लोग मेहमानों की आवभगत के लिए अपनी बीवी के साथ सेक्स करने की छूट देते हैं. इस दौरान घर का पुरुष या तो दूसरे कमरे में सोता है या फिर घर के बाहर. हिंबा जनजाति में पुरुषों और महिलाओं को अन्य लोगों के साथ एक से अधिक संबंध बनाने की आजादी है.

# जी-20 में 'जेंडर एंड करप्शन' विषय पर एक चर्चा का हुआ आयोजन






न्यूज़ वायरस नेटवर्क

नरेंद्र नगर में दूसरी जी-20 एंटी करप्शन वर्किंग ग्रुप मीटिंग के एक चर्चा कार्यक्रम के तहत जेंडर एंड करप्शन विषय पर विचार विमर्श किया गया ।चर्चा कार्यक्रम में केंद्रीय विदेश एवं संस्कृति राज्यमंत्री श्रीमती मीनाक्षी लेखी ने भाग लिया. अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि एक अच्छी सरकार की परिभाषा उसके द्वारा अंतिम व्यक्ति तथा महिलाओं के लिए कल्याण के कार्यों से निर्धारित होती है । श्रीमती लेखी ने भारत सरकार द्वारा जनधन खाते, मुद्रा योजना, आयुष्मान भारत, डीबीटी जैसी योजनाओं के माध्यम से भ्रष्टाचार को समाप्त करने के साथ ही महिला सशक्तिकरण के प्रयासों की चर्चा की । भ्रष्टाचार से सबसे अधिक महिलाएं ही प्रभावित है । उन्होंने कहा कि महिलाओं को निशुल्क सार्वजनिक सेवाएं, स्वास्थ्य, शिक्षा, वित्तीय सहयोग तथा बच्चों की देखभाल हेतु सुविधाएं मिलनी चाहिए ।चर्चा कार्यक्रम में अफ्रीकी प्रतिनिधि ने कहा कि भ्रष्टाचार का महिलाओं पर यौन प्रताड़ना के रूप में भी असर पड़ता है ।

महिलाओं को आर्थिक तथा सामाजिक रूप से सशक्त करने की आज आवश्यकता है । कार्यक्रम में विमन इनीशिएटिव की सोनिका कनोजिया ने अपने विचार रखते हुए कहा कि नए उद्यम स्थापित करने तथा स्वरोजगार के प्रयासों में महिलाओं को विभिन्न तरह की चुनौतियों का सामना करना पड़ता है , लेकिन सूचना प्रौद्योगिकी के बढ़ते प्रयोग तथा ऑनलाइन बाजार के उपलब्ध होने से महिलाओं की राह आसान हुई है । कार्यक्रम में टिहरी जनपद की नरेंद्र नगर की रहने वाली खुशहाल स्वयं सहायता समूह की संचालिका श्रीमती रजनी रावत ने उत्तराखंड में स्वयं सहायता समूहों की सफलता की जानकारी दी । उन्होंने बताया कि राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाएं स्वयं सहायता समूह के माध्यम से आर्थिक रूप से सशक्त हो रही हैं तथा स्वावलंबी भी बन रही हैं। इंडोनेशिया की प्रतिनिधि माल्या ने कहा कि समाज को भ्रष्टाचार के विरुद्ध जागरूक करने की जरूरत है । इस दिशा में महिलाएं महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं। उन्होंने कहा कि महिलाओं की हर क्षेत्र में भागीदारी बढ़ाने की आवश्यकता है । कार्यक्रम के दौरान भारत सरकार द्वारा भ्रष्टाचार को नियंत्रित करने हेतु किए गए विभिन्न प्रयासों तथा महिला सशक्तिकरण पर लघु फिल्में भी दिखाई गईं ।



# मुख्य सचिव ने पीएम गतिशक्ति उत्तराखण्ड पोर्टल के माध्यम से योजनाओं की समीक्षा की

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून, ब्यूरो रिपोर्ट, मुख्य सचिव डॉ. एस.एस. संधु ने गुरूवार को सचिवालय में भारत सरकार द्वारा पूंजीगत निवेश के लिए राज्यों को विशेष सहायता योजना के तहत दिए जाने वाले फंड की समीक्षा की। मुख्य सचिव ने पीएम गतिशक्ति उत्तराखण्ड पोर्टल के माध्यम से योजनाओं की समीक्षा की। मुख्य सचिव ने समीक्षा के दौरान अधिकारियों को वित्तीय वर्ष 2022-23 के कार्यों के उपयोगिता प्रमाण पत्र (यूसी) शीघ्र जमा किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विभागों द्वारा जो भी कार्य किए जा रहे हैं, उनकी प्रगति को लगातार पोर्टल पर अपलोड किया जाए।मुख्य सचिव ने वर्ष 2023-24 के लिए भी शीघ्र प्रस्ताव, डीपीआर आदि समय पर जमा कराए जाने हेतु निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि योजना के अन्तर्गत कार्यों को समयबद्ध तरीके से पूर्ण



किए जाने के लिए लगातार योजनाओं का अनुश्रवण किया जाए। कार्यों के विभिन्न चरणों के लिए समयसीमा निर्धारित की जाए। उन्होंने कहा कि जो कार्य हो चुके हैं, उनके उपयोगिता प्रमाण पत्र अवश्य अपलोड किए जाएं। इस अवसर पर सचिव श्री आर.मीनाक्षी सुन्दरम, श्री शैलेश बगोली, श्री अरविन्द सिंह ह्यांकी, श्री दिलीप जावलकर, डॉ. बी.वी.आर.सी.पुरुषोत्तम, डॉ. पंकज कुमार पाण्डेय, श्री दीपेन्द्र कुमार चौधरी एवं अपर सचिव नियोजन श्री रोहित मीणा एवं अन्य उच्चाधिकारी उपस्थित थे।

# नैनीताल में मूसलाधार बारिश के साथ ओले गिरे

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

नैनीताल। सरोवरनगरी में लगातार मौसम का मिजाज बदल रहा है। गुरुवार को मूसलाधार बारिश के साथ ओलावृष्टि हुई। इससे नगर का तापमान गिर गया। इस दौरान स्थानीय लोगों के साथ ही पर्यटकों को फजीहत का सामना करना पड़ा। नैनीताल में बीते मंगलवार की रात में आंधी-तूफान के बाद बुधवार को दिनभर बूंदाबांदी का दौर जारी रहा। गुरुवार को भी सुबह से ही नैनीताल में घने बादल छाए रहे। साथ ही कोहरे ने भी दस्तक दी। दोपहर बाद अचानक मूसलाधार बारिश शुरू हो गई। करीब एक घंटे तक जमकर मेघ बरसे। जिसके बाद ओलावृष्टि शुरू हो गई। क्षणिक हुई ओलावृष्टि से आम जनजीवन प्रभावित रहा। बारिश एवं ओलावृष्टि के बाद तापमान गिरने पर ठंड में इजाफा हो गया है। देर शाम एक बार फिर बारिश का मौसम बना और गरज के साथ बूंदाबांदी शुरू हो गई। जिला मौसम विज्ञान केंद्र से मिली जानकारी के अनुसार नैनीताल में 5 एमएम वर्षा रिकॉर्ड की गई। जबकि तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई।

दो दिन में 7 डिग्री गिरा तापमान

नैनीताल में मौसम खराब होने के बाद बारिश एवं ओलावृष्टि के चलते पिछले 2 दिन में पारे में भारी गिरावट हुई है। इस दौरान 7 डिग्री सेल्सियस तक तापमान लुढ़का है। जिला मौसम विज्ञान केंद्र के प्रभारी संजय पवार ने बताया कि नैनीताल में 2 दिन पूर्व अधिकतम तापमान 27 जबकि न्यूनतम तापमान 15 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया था। अब घटकर गुरुवार को अधिकतम तापमान 20 तथा न्यूनतम तापमान 8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है।

# भाजपा ने वंदे भारत ट्रेन को बताया राज्य की जरूरत कनेक्टिविटी से बढ़ेगी विकास की रफ्तार : मानवीर चौहान



न्यूज़ वायरस नेटवर्क

भाजपा ने वंदे भारत ट्रेन के शुभारंभ पर समस्त प्रदेशवासियों को बधाई देते हुए पीएम मोदी एवं रेल मंत्री वैष्णव का आभार व्यक्त किया है प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान ने इस ट्रेन को राज्य के विकास को नई गति देने वाला बताते हुए शीघ्र ही पहाड़ों में भी कर्णप्रयाग रेलवे लाइन पर डबल इंजन दौड़ने का भरोसा जताया है ।चौहान ने कहा कि देश में सबसे तेज गति की यह नयी ट्रेन सर्विसराज्य की जरूरत है और यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उत्तराखंड के प्रति विशेष लगाव के चलते ही संभव हुआ। उन्होने कहा कि उत्तराखंड के आर्थिक विकास में व्यापारिक एवं पर्यटन गतिविधियों मे महत्वपूर्ण योगदान को देखते हुए धामी सरकार केंद्र के सहयोग से लगातार कनेक्टिविटी बढ़ाने पर काम कर रही है । वंदे भारत ट्रेन का तौहफा इसी कड़ी में स्थानीय यात्रियों एवं पर्यटकों के सफर के समय को कम करते हुए सुविधाओं को अधिक विस्तार देने में लाभकारी साबित होगा । इससे पूर्व देहरादून से काठगोदाम, कोटद्वार से दिल्ली, राम नगर से दिल्ली आदि नई ट्रेनों के संचालन से राज्य के अंदर एवं राज्य के बाहर कनेक्टिविटी में चमत्कारिक सुधार हुआ है ।इससे पूर्व सामान्य यात्रियों के लिए तीव्र गति की जन शताब्दी गाड़ियों की शुरुआत भी अटल सरकार में हुई थी ।उन्होने कहा कि भाजपा सरकारों में सभी तरह कनेक्टिविटी के साथ रेल कनेक्टिविटी में भी अमूलचूल सुधार हुआ है । उन्होने विश्वास जताते हुए कहा कि अब वह दिन दूर नहीं जब पहाड़ के बच्चों को रेल देखने के लिए मैदान में नहीं आना होगा। इसके अलावा सामरिक, आर्थिक एवं पर्यटन की गतिविधियों को पहाड़ में रेलमार्ग का नया रास्ता मिलेगा। उम्मीद है कि एक दिन डबल इंजन सरकार की डबल इंजन ट्रेन ऋषिकेश से कर्णप्रयाग तक पहाड़ों में विकास पटरी पर दौड़ेगा।

# UK Board 10th Result 2023 : टिहरी के सुशांत ने बढ़ाया मान, किया उत्तराखंड टॉप


न्यूज़ वायरस नेटवर्क

उत्तराखंड 26 मई : उत्तराखंड बोर्ड की हाईस्कूल परीक्षा में टिहरी जिले के थौलधार भागीरथी उच्चतर माध्यमिक विद्या मंदिर कंडी-छाम के छात्र सुशांत चंद्रवंशी ने 99 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रदेश की मेरिट में सर्वोच्च स्थान हासिल कर जिले का नाम रोशन किया है। मूलरूप से बिहार के बेतिया के रहने वाले सुशांत के पिता ध्रुव प्रसाद राजवंशी चिन्यालीसौड़ बाजार में फर्नीचर की दुकान चलाते हैं। मां ललिता देवी गृहणी हैं।

सुशांत ने गणित विषय में पूरे 100 नंबर पाए हैं। जबकि विज्ञान, सामाजिक विज्ञान, संस्कृत में 99-99, हिंदी में 98 और अंग्रेजी में 95 नंबर हासिल किए हैं। सुशांत ने बताया कि वह बगैर ट्यूशन के ही स्वयं की तैयारी से पढ़ाई करते हैं। रोजाना 4 से 5 घंटे पढ़ाई कर कठिन विषयों को लगातार पढ़ते हैं। आगे चलकर वह सॉफ्टवेयर इंजीनियर बनना चाहते हैं।

सुशांत की एक बड़ी बहन है जो, पॉलिटेक्निक कर रही हैं।सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज आवास विकास ऋषिकेश के आयुष सिंह रावत ने उत्तराखंड हाईस्कूल बोर्ड परीक्षा में प्रदेश में द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। आयुष ने हाईस्कूल परीक्षा में 98.80 अंक प्राप्त कर विद्यालय और प्रदेश का मान बढ़ाया है। छात्र की इस उपलब्धि पर विद्यालय के प्रधानाचार्य उमाकांत पंत और शिक्षकों ने बधाई दी। छात्र आयुष रावत ने हिंदी विषय में 100, अंग्रेजी में 99, गणित में 99, विज्ञान में 97, सामाजिक विज्ञान में 99 और संस्कृत में 97 अंक प्राप्त किए हैं।

आयुष सिंह रावत ने बताया कि उनकी दो बड़ी बहने हैं। एक बहन ने एमकॉम की पढ़ाई पूरी कर ली है। उससे छोटी बहन इंटरमीडिएट में अध्ययनरत है। पिता बालम सिंह रावत रोडवेज में बस चालक हैं। मां अनीता रावत गृहणी हैं। कहा यह उनकी स्व अध्ययन की मेहनत है। बचपन से ही उनका ध्यान पढ़ाई की ओर अग्रसर है। वह एक दिन में चार से पांच घंटे की पढ़ाई करते हैं। कहा उनका लक्ष्य प्रोफेसर बनना है।



# यूपी की जनता को बड़ी राहत, बिजली की दरों को लेकर आई ये गुड न्यूज ?

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

UP रिपोर्ट 26 मई : उत्तर प्रदेश में करोड़ों बिजली उपभोक्ताओं के लिए राहत की खबर है. सूबे में लगातार चौथे साल भी बिजली की दरें नहीं बढ़ाई जाएंगी. बिजली कंपनियों ने 18-23 फीसदी तक बढ़ोतरी का प्रस्ताव रखा था, जिसको विद्युत नियामक आयोग ने ठुकरा दिया है. इसका मतलब है कि सूबे में बिजली की दरों में कोई बदलाव नहीं किया जाएगा. पिछले दिनों पावर कॉरपोरेशन ने राज्य विद्युत नियामक आयोग को बिजली की दरों में इजाफे का प्रस्ताव भेजा था. इस मामले की सुनवाई के दौरान ग्राहकों ने इसका जमकर विरोध किया. इसके बाद आयोग ने यह प्रस्ताव ठुकरा दिया. उन बिजली ग्राहकों की बिजली दरों में 10 फीसदी की कमी की गई है, जो नोएडा पावर कंपनी क्षेत्र में आते हैं. नियामक आयोग ने अपने बयान में कहा कि बिजली की दरों में कोई इजाफा नहीं किया जाएगा. कलेक्शन, बिलिंग को लेकर जो भी गड़बड़ियां हैं, उनको वक्त रहते दूर किया जाएगा. स्मार्ट मीटर के लिए कोई रकम डिस्कॉम को देने की बात आयोग की तरफ से नहीं की गई है. इसका मतलब है कि स्मार्ट मीटर की जो भी जिम्मेदारियां हैं, वे उनको खुद उठानी होंगी.यूपी उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश वर्मा ने कहा, नियामक आयोग ने अपने फैसले में कहा कि बिजली कर्मचारी भी अब आम ग्राहकों में गिने जाएंगे. बिजली की दरें नहीं बढ़ने से ग्रेटर नोएडा के ग्राहकों को बड़ी राहत मिली है. अवधेश शर्मा के मुताबिक, बिजली कंपनियों पर ग्राहकों का 7988 करोड़ रुपये का सरप्लस निकला है. जानकारी के मुताबिक, यूपी में अगले 10 साल तक बिजली की दरें नहीं बढ़ेंगी. दावा है कि सूबे में करीब 33121 करोड़ रुपये का उपभोक्ताओं का सरप्लस पैसा विभाग के पास पड़ा है. अगर इसका ठीक से इस्तेमाल किया जाता है तो बिजली की दरों कम की जा सकती हैं.



# दिल्ली अब दूर नहीं, देहरादून महानगर सिद्धार्थ उमेश अग्रवाल



न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून 26 मई : महानगर के अध्यक्ष सिद्धार्थ उमेश अग्रवाल ने देश के यशस्वी प्रधानमंत्री आदरणीय नरेंद्र मोदी जी व केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव जी व प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी जी का महानगर की ओर से धन्यवाद आभार व्यक्त किया और कहा यह ट्रेन देहरादून से दिल्ली जाने वाले यात्रियों व्यापारियों के लिए भविष्य में कामगार सिद्ध होगी हमने सुना था कि दिल्ली अब दूर नहीं वंदे भारत ट्रेन के माध्यम से साकार नजर होता आ रहा है। हम सभी को देश के यशस्वी प्रधानमंत्री आदरणीय नरेंद्र मोदी जी का आभार व्यक्त करता हूं कि उन्होंने उत्तराखंड के रेल बजट को बढ़ाकर जो सौगात दी है उत्तराखंड प्रदेश के लिए अमूल्य है हम सभी उत्तराखंड वासी हृदय की गहराइयों से देश के प्रधानमंत्री और राज्य के मुख्यमंत्री जी का आभार व्यक्त करते हैं।



# डायबिटीज के मरीजों के लिए वरदान है भिंडी




न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 26 मई : बच्चों से लेकर बड़ों तक सभी भिंडी खाना पसंद करते हैं। इसकी सब्जी बहुत ही स्वादिष्ट होती है। यह बेहतरीन स्वाद के साथ शरीर को सेहतमंद रखने में भी मदद करती है। जिन लोगों को डायबिटीज की समस्या है, उनके लिए भिंडी किसी वरदान से कम नहीं है। भिंडी घुलनशील और अघुलनशील फाइबर से भरपूर होती है।

इसे पचाने में ज्यादा समय लगता है। इस प्रोसेस में ब्लड शुगर कम या धीमा पड़ जाती है। इसलिए डायबिटीज के मरीजों के लिए भिंडी फायदेमंद मानी जाती है। भिंडी वजन कम करने में भी मदद करती है। इसे खाने से पेट ज्यादा देर तक भरा रहता है। ऐसे में आप ओवरईटिंग से बच सकते हैं। इसमें कई तरह के पोषक तत्व पाए जाते है। यह पोटेशियम, विटामिन-सी, प्रोटीन, कैल्शियम और फोलेट का बेहतरीन सोर्स है। जिन लोगों को हाई ब्लड प्रेशर की समस्या है, उनके लिए भी भिंडी का सेवन काफी फायदेमंद माना जाता है। इसमें मौजूद पोटेशियम हाई ब्लड प्रेशर को कंट्रोल करने में मददगार है।

**डायबिटीज डाइट में भिंडी को इन तरीकों से करें शामिल**

भिंडी को धोकर टुकड़ों में काट लें। अब इसे पानी में भिगोकर रखें। सुबह में इस पानी को पी लें।चाहें तो आप भिंडी के बीजों को सुखाकर पाउडर बना लें। यह पाउडर डायबिटीज के मरीजों के लिए काफी फायदेमंद है।भिंडी की सब्जी भी खा सकते हैं, लेकिन इसे बनाते समय कम तेल का प्रयोग करें।इसके अलावा दाल, सूप, करी में भी भिंडी को शामिल कर सकते हैं।

# प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा विकास के नवरत्नों से बदलेगी देवभूमि की तस्वीर












**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून, ब्यूरो रिपोर्ट, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज देवभूमि उत्तराखंड को वंदे भारत एक्सप्रेस के रूप में एक बड़ा तोहफा दिया, इस दौरान उन्होंने उत्तराखंड के विकास के लिए निर्धारित उन नौ रत्नों का भी खुलकर जिक्र किया जिसके जरिए ₹डबल इंजन₹ की सरकार पहाड़ी राज्य की तकदीर और तस्वीर दोनों बदलने के लिए प्रतिबद्ध है। प्रधानमंत्री ने स्पष्ट रूप से कहा कि हमारी सरकार का पूरा जोर, ₹विकास के नवरत्नों पर है₹। अपने संबोधन में पीएम ने कहा कि ₹नवरत्नों की माला को पिरोने के लिए इंफ्रास्ट्रक्चर के जो प्रोजेक्ट यहां चल रहे हैं, उन्हें भी धामी जी की सरकार ने नई ऊर्जा दी है।देवभूमि उत्तराखंड से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का विशेष लगाव किसी से छुपा नहीं है। उनका बार-बार उत्तराखंड आना और देवभूमि के विकास के प्रति उनके विचार एवं गतिमान व प्रस्तावित योजनाएं यह बताने के लिए पर्याप्त हैं कि अपने मुखारबिंद से उनका यह कहना कि ₹ये दशक उत्तराखंड का दशक होगा₹, यह सब आज वास्तव में धरातल पर परिलक्षित हो रहा है। आज वंदे भारत एक्सप्रेस के शुभारंभ के अवसर पर भी उन्होंने ₹ये दशक उत्तराखंड का दशक₹ होगा वाली पंक्तियों को न केवल दोहराया बल्कि यह भी बताया कि किस तरह ये दशक उत्तराखंड का दशक होने जा रहा है। उन्होंने विकास के नवरत्नों पर विस्तार से बोलते हुए बताया कि किस तरह विकास के नवरत्न के तहत चल रहे कार्य उत्तराखंड के लिए आने वाले दिनों में कितने अहम साबित होंगे।

**ये हैं विकास के नवरत्न-**

*पहला रत्न- केदारनाथ-बद्रीनाथ धाम में 1300 करोड़ रुपए से पुनर्निर्माण का कार्य

*दूसरा रत्न- ढाई हजार करोड़ रुपए की लागत से गौरीकुण्ड-केदारनाथ और गोविंदघाट-हेमकुण्ट साहिब रोपवे का कार्य

*तीसरा रत्न- कुमायूं के पौराणिक मंदिरों को भव्य बनाने के लिये मानसखण्ड मंदिर माला मिशन का काम

*चौथा रत्न- पूरे राज्य में होम स्टे को बढ़ावा। राज्य में 4000 से अधिक होम स्टे रजिस्टर्ड हो चुके हैं

*पांचवा रत्न- 16 ईको टूरिज्म डेस्टिनेशन का विकास

*छठा रत्न- उत्तराखंड में स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार। उधमसिंह नगर में AIIMS का सेटलाइट सेंटर भी बनाया जा रहा है।

*सातवां रत्न- करीब 2 हजार करोड़ रुपए की लागत वाली टिहरी लेक डेवलपमेंट परियोजना

*आठवां रत्न- ऋषिकेश-हरिद्वार का एडवेंचर टूरिज्म और योग की राजधानी के रूप में विकास *नौवा रत्न- टनकपुर-बागेश्वर रेल लाइन। इस रेल लाइन पर भी जल्द काम शुरू हो जाएगा।

अपने संबोधन में पीएम ने कहा कि आप लोगों ने एक कहावत सुनी होगी- सोने पर सुहागा। इसलिए इन नवरत्नों की माला को पिरोने के लिए, इंफ्रास्ट्रक्चर के जो प्रोजेक्ट यहां चल रहे हैं, उन्हें भी धामी जी की सरकार ने नई ऊर्जा दी है। 12 हजार करोड़ रुपए की लागत से चारधाम महापरियोजना पर तेज गति से काम हो रहा है। दिल्ली देहरादून एक्सप्रेसवे तैयार होने से देहरादून-दिल्ली के बीच सफर और आसान हो जाएगा। रोड कनेक्टिविटी के साथ ही, रोप-वे कनेक्टिविटी के लिए भी उत्तराखंड में बड़े पैमाने पर काम हो रहा है। पर्वतमाला योजना आने वाले दिनों में उत्तराखंड का भाग्य बदलने जा रही है। इसके लिए जिस कनेक्टिविटी का उत्तराखंड के लोगों ने बरसों इंतजार किया है, वो इंतजार भी हमारी सरकार समाप्त कर रही है।

# वैश्विक स्तर पर भ्रष्टाचार की समाप्ति के लिए अंतरराष्ट्रीय सहयोग अत्यंत आवश्यक : अजय भट्ट







**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून, ब्यूरो रिपोर्ट, नरेंद्र नगर टिहरी में गुरुवार को होटल वेस्टिन में जी-20 की दूसरी एंटी करप्शन वर्किंग ग्रुप मीटिंग के शुभारंभ के अवसर पर मीडिया से अनौपचारिक संवाद के दौरान केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री श्री अजय भट्ट ने कहा कि देवभूमि उत्तराखंड में दूसरी एंटी करप्शन वर्किंग ग्रुप की बैठक का आयोजन होना सौभाग्य का विषय है । इस बैठक में वैश्विक स्तर पर भ्रष्टाचार नियंत्रण के प्रयासों पर विचार विमर्श एवं मंथन किया जाएगा, जो विश्व को भ्रष्टाचार के विरुद्ध लड़ाई में मार्गदर्शन करेगा । वैश्विक स्तर पर भ्रष्टाचार की समाप्ति के लिए अंतरराष्ट्रीय सहयोग एवं एकजुटता अत्यंत आवश्यक है ।

भ्रष्टाचार के विरुद्ध लड़ाई अकेले नहीं लड़ी जा सकती । भ्रष्टाचार अंतरराष्ट्रीय समस्या है, इसलिए इसकी समाप्ति हेतु समन्वित प्रयासों की जरूरत है। भ्रष्टाचार के दुष्प्रभाव भी व्यापक हैं, इसलिए भ्रष्टाचार के विरुद्ध लड़ाई में संस्थागत फ्रेमवर्क मजबूत करने की आवश्यकता है । सार्वजनिक क्षेत्र में भ्रष्टाचार समाप्त करने के लिए आईटी का उपयोग आवश्यक है । वर्ष 2018 में अर्जेंटीना में आयोजित जी-20 की बैठक में भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई के संबंध में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा नौ बिंदुओं पर चर्चा की गई थी । वर्तमान जी-20 तथा भविष्य में आयोजित होने वाले जी-20 में भी इन बिंदुओं पर चर्चा को आगे बढ़ाया जाएगा । उत्तराखंड के जनपद टिहरी के नरेंद्र नगर में आयोजित जी-20 की एंटी करप्शन वर्किंग ग्रुप इस तीन दिवसीय आयोजन के दौरान, 20 सदस्य देशों, 10 आमंत्रित देशों और 9 अंतर्राष्ट्रीय संगठनों के 90 से अधिक प्रतिनिधि एसीडब्ल्यूजी की पहली बैठक में चर्चा को आगे बढ़ाएंगे।इस अवसर पर कार्मिक एवं प्रशिक्षण मंत्रालय, भारत सरकार से संयुक्त सचिव श्री रजत कुमार भी उपस्थित थे ।


# यूपी में यहां रेल यात्री टिकट तो खरीदते हैं पर ट्रेन में सफर नहीं करते ?

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 26 मई : ट्रेन से यात्रा के लिए रेल टिकट अति आवश्यक होता है. बिना टिकट लिए आप ट्रेन से यात्रा नहीं कर सकते. क्या हो जब लोग रेल टिकट खरीदे लेकिन यात्रा न करें. जी हां आप सही सुन रहे हैं यूपी का एक ऐसा रेलवे स्टेशन है जहां लोग टिकट खरीदते हैं, लेकिन कभी यात्रा नहीं करते. इसके पीछे की कहानी जानकर हर किसी के होश उड़ जाएंगे.

दरअसल, यूपी के प्रयागराज जिले में दयालपुर रेलवे स्टेशन है. रेलवे स्टेशन के आसपास के गांव वाले यहां से रेल टिकट तो खरीदते हैं, लेकिन कभी ट्रेन से यात्रा नहीं करते. इसके पीछे की वजह भी हैरान करने वाली है. बताया जाता है कि देश के पहले प्रधानमंत्री पं. जवाहर लाल नेहरू ने 1954 में तत्कालीन रेल मंत्री लाल बहादुर शास्त्री से दयालपुर में रेलवे स्टेशन बनवाने का आग्रह किया था. पं. नेहरू के आग्रह पर दयालपुर में रेलवे स्टेशन बन गया. जैसे-जैसे समय बीतता गया वैसे-वैसे दयालपुर रेलवे स्टेशन के अस्तित्व पर संकट मंडराने लगा. आखिरकार 2006 में दयालपुर रेलवे स्टेशन को बंद कर दिया गया. स्टेशन बंद करने के पीछे की वजह बताई गई इस क्षेत्र से टिकट की कम बिक्री होना.

इसके बाद स्थानीय जनप्रतिनिधियों के प्रयास से साल 2020 में इस स्टेशन को दोबारा शुरू कर दिया गया. अब क्षेत्रवासियों को डर है कि कहीं ये यह स्टेशन दोबारा न बंद हो जाए इसके लिए गांव के लोग अपनी क्षमतानुसार टिकट खरीद रहे हैं. टिकट खरीदने के मानक को पूरा करने के लिए स्थानीय लोग अपनी तरफ से टिकट खरीदते हैं. हालांकि वह कभी यात्रा नहीं करते. बता दें कि स्थानीय लोग हर महीने करीब 700 रुपये का टिकट खरीद कर रहे हैं, ताकि दोबारा स्टेशन बंद न हो सके. स्थानीय लोगों का कहना है कि अभी दयालपुर रेलवे स्टेशन पर सिर्फ एक ट्रेन रुकती है. लंबे समय से लोग और ट्रेनों के ठहराव की मांग करते रहे हैं.




# ठगी करने वाले पति-पत्नी को कर्णप्रयाग पुलिस ने किया गिरफ्तार



न्यूज़ वायरस नेटवर्क

उत्तराखंड 26 मई : दिनांक 18-06-2019 को वादी सुनील मिश्रा पुत्र के0 एन0 मिश्रा निवासी ग्राम व पो० गौचर थाना कर्णप्रयाग जनपद चमोली द्वारा कोतवाली कर्णप्रयाग में तहरीर दी गयी कि अनिल नेगी पुत्र जसपाल सिंह निवासी ग्राम तमुणी नलडुंगा थाना पोखरी जनपद चमोली तथा उसकी पत्नी सुषमा नेगी द्वारा एक्सीडेन्ट के बहाने रू0 25,000/- की ठगी करने और ज्ञात होने कि उपरोक्त द्वारा मिलकर कई जगह ठगी करने की तहरीर के आधार पर अनिल नेगी तथा उसकी पत्नी सुषमा नेगी उपरोक्त के विरुद्ध थाना कर्णप्रयाग पर दिनांक 18/06/2019 को मु0अ0सं0-23/2019 धारा 420 भादवि बनाम अनिल नेगी आदि पंजीकृत कराया गया ।

उक्त अभियोग में अभियुक्तगण माननीय न्यायालय से जमानत पाकर फरार हो गये अभियुक्तगणों की उपस्थिति हेतु माननीय न्यायालय द्वारा समन व वारंट जारी किये गये किन्तु अभियुक्त लगातार फरार चल रहे थे जिस पर माननीय न्यायालय के आदेशानुसार माननीय न्यायालय के आदेशों की अवहेलना करने पर माननीय न्यायालय द्वारा अभियुक्त गणों उपरोक्त के विरुद्ध स्थायी वारंट जारी कर थाना कर्णप्रयाग पर मु0अ0सं0 22/022 धारा 229 ए भादवि0 बनाम अनिल नेगी आदि पंजीकृत कराया गया। मामले की गम्भीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक चमोली प्रमेन्द्र डोभाल के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी कर्णप्रयाग अमित कुमार सैनी के पर्यवेक्षण में अभियुक्त गणों की गिरफ्तारी/तलाश हेतु पुलिस टीम गठित की गयी। गठित पुलिस टीम द्वारा अभियुक्त गणों की गिरफ्तारी हेतु सुरागरसी पतारसी करते हुए सर्विलांस की मदद से अभियुक्त अनिल नेगी उपरोक्त को दिनांक 24/05/2023 को स्थान पंचपुलिया के पास से तथा अभियुक्ता सुषमा नेगी उपरोक्त को दिनांक 25-05-2023 को मैन बाजार कर्णप्रयाग से गिरफ्तार कर मा० न्याया में पेश किया जा रहा है। अपराध का तरीका- अभियुक्तगण द्वारा लोगों को अलग अलग तरीके से झांसा देकर (जैसे बीमारी, एक्सीडेन्ट ,जमीन लेने व बेचने आदि) सीधे सादे लोगों से ठगी कर फरार हो जाना तथा अलग- अलग निवास स्थानों पर नाम पता बदलकर रहना ।

# भाजपा महिला मोर्चा के दो दिवसीय प्रवास कार्यक्रम का आगाज आज

ऋषिकेश। भाजपा महिला मोर्चा के दो दिवसीय प्रवास कार्यक्रम का आगाज आज शुक्रवार से हो रहा है। इसके तहत केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं से लाभांवित महिलाओं से संपर्क साधा जाएगा। साथ ही जिन्हें योजनाओं का लाभ नहीं मिला, उसकी वजह जानने के बाद जागरूक किया जाएगा। गुरुवार को रेलवे रोड स्थित एक होटल में आयोजित पत्रकारवार्ता में भाजपा महिला मोर्चे की जिलाध्यक्ष कविता शाह, महिला मोर्चे के जिला प्रभारी मनोज ध्यानी ने प्रवास कार्यक्रम की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं के प्रचार-प्रसार और मॉनिटरिंग को लेकर महिला मोर्चा की विशेष आमंत्रित सदस्य डॉ. शोभा श्रीवास्तव उत्तराखंड के दौरे पर आ रही हैं, जो 26 और 27 मई तक उत्तराखंड के सभी 19 जिलों में प्रवास कर महिला मोर्चा की कार्यकर्ताओं के साथ विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं से लाभान्वित और सरकार की योजनाओं से वंचित रहे परिवारों से संपर्क करेंगी।

बताया कि 26 मई को संगठनात्मक दृष्टि से गठित ऋषिकेश जिले के अंतर्गत सुबह कार्यक्रम का शुभारंभ वीरभद्र मंदिर में धार्मिक एवं सांस्कृतिक दृष्टि से पूजा अर्चना कर किया जाएगा। इसके लिए मोर्चा जिला उपाध्यक्ष रोमा सहगल और सह संयोजक वीरभद्र मंडल की निर्मला उनियाल को बनाया गया है। इसी श्रृंखला में छह कार्यक्रम विभिन्न क्षेत्रों मेंआयोजित किए जाएंगे। डोईवाला में एनजीओ के पदाधिकारियों एवं स्वयंसेवकों के बीच वार्ता, जी रंगोली प्रतियोगिता कार्यक्रम भी होंगे। समापन शनिवार को ऋषिकेश में गंगा आरती के साथ किया जाएगा। पत्रकार वार्ता में सोशल मीडिया प्रभारी भावना किशोर गौड , जिला सह मीडिया प्रभारी अनामिका अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

**यह रहेंगे कार्यक्रम संयोजक और सह संयोजक**

ऋषिकेश। महिला मोर्चा के प्रवास कार्यक्रम के तहत मतदाताओं से संपर्क, बूथ स्तर पर कार्यकर्ताओं के साथ बैठक, आशा बहू, डोईवाला में भोजन महिला कार्यकर्ताओं से संवाद, सेल्फी, जी-20 रंगोली कार्यक्रम होंगे। इसके लिए जिला उपाध्यक्ष अनीता राणा को संयोजक और सोनी रावत को सह संयोजक, आशा सेमवाल संयोजक और आरती लखेड़ा सह संयोजक, अनीता राणा सह संयोजक, सोनी रावत संयोजक, सुंदरी कंडवाल संयोजक और माधुरी गुप्ता को सह संयोजक बनाया है। 27 मई को केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं के लिए भरत मंदिर इंटर कॉलेज में कार्यक्रम संयोजक भावना किशोर गौड और निवेदिता सरकार सह संयोजक हैं।

# यहां होने वाली दुल्हन के ऊपर फेका जाता है कीचड़ और अंडे ?

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 26 मई : शादी की परंपरा ज्यादातर समाज में देखने को मिलती है. शादी से पहले दुल्हन को सजाने में लोगों का विश्वास होता है. दुल्हन खूबसूरत दिखे इसके लिए काफी दिनों पहले से ही उसका खास ध्यान रखा जाता है. ऐसा इसलिए होता है ताकि शादी के दिन दुल्हन सबसे खूबसूरत नजर आए. शादी से जुड़ी कई अनोखी परंपराएं दुनियाभर में देखने को मिलती हैं लेकिन स्कॉटलैंड में ऐसी प्रथा है जिसके बारे में सुनकर आप हैरान हो जाएंगे. स्कॉटलैंड के कुछ गांव में शादी से पहले दुल्हन पर कीचड़ की बरसात की जाती है. इस प्रथा में दुल्हन पर तमाम तरह की गंदी चीजें फेंकी जाती हैं. कहीं-कहीं पर दूल्हा-दुल्हन दोनों पर शादी से पहले कीचड़ फेंकी जाती है और अंडे मारे जाते हैं.




दूल्हे और दुल्हन को गंदगी से नहलाने वाली इस प्रथा को ब्लेकनिंग दी ब्रांड के नाम से जाना जाता है. स्कॉटलैंड के उत्तर पश्चिम इलाके के कई गांव में ज्यादातर ये परंपरा देखने को मिलती है. इसमें खासकर काली स्याही या कालिख दूल्हे-दुल्हन को जरूर पोती जाती है. अब आप सोच रहे होंगे कि दूल्हा-दुल्हन पर अंडे या गंदगी की बरसात क्यों करते हैं? आपको बता दें कि स्कॉटलैंड के इन गांवों में दुल्हन पर फेंकी जाने वाली गंदगी, काला पेंट, काली स्याही, अंडा, सड़ा खाना और दूसरी चीजें को गुड लक के साइन से जोड़कर देखा जाता है. यहां ऐसी मान्यता है। कि इस प्रथा के बाद जब लड़का और लड़की वैवाहिक जीवन में प्रवेश करते हैं तो उनके आगे की जिंदगी खुशहाल गुजरती है. स्कॉटलैंड में होने वाली यह प्रथा एक मैसेज के तौर पर भी है कि शादी गुलाब की तरह खूबसूरत नहीं है

बल्कि उसमें तमाम तरह की मुश्किलें भी आती है और दोनों को मिलकर इन समस्याओं से निपटना पड़ता है. यूनिवर्सिटी ऑफ एबर्डीन की एक रिसर्चर का कहना है कि इस प्रथा की शुरुआत 19वीं शताब्दी के दौरान हुई, जब महिलाओं के पैरों को शादी के दौरान साफ करने के लिए चूल्हे से निकलने वाले कालिख का इस्तेमाल किया जाता था. 20वीं शताब्दी आते-आते तक यह एक मजेदार प्रथा में बदल गई जिसमें दूल्हे और दुल्हन दोनों पर गंदी चीजें फेंकी जाने लगीं.

# कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने दून विहार पेयजल योजना का किया लोकार्पण

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून, 26 मई। कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने मसूरी विधानसभा के अंतर्गत राज्य सैक्टर कार्यक्रम से निर्मित दून विहार पेयजल योजना (लागत 178.44 लाख) का लोकार्पण किया। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने लोकार्पण स्थल पर वृक्षारोपण किया और सभी क्षेत्र वासियों को बधाई भी दी।अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि इससे पहले 20 अप्रैल को हमने सीवर पंपिंग स्टेशन का भूमि पूजन किया था जो दो करोड़ 95 लाख की लागत से निर्मित होगा। सड़कों के पुनर्निर्माण का कार्य किया जाएगा जो 1.70 करोड़ से निर्मित होगी। दून विहार क्षेत्र में लगभग 97 प्रतिशत बंच केबलिंग का कार्य पूर्ण हो गया है, मात्र 800 मीटर से कम का कार्य भी जल्द पूरा किया जाएगा। पार्क का निर्माण भी अतिशीघ्र किया जाएगा। मंत्री जोशी ने कहा कि प्रदेश में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में सरकार जनता के द्वार के नारे तथा सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास





के ध्येय के साथ कार्य कर रही है। मंत्री ने ओवरहैड टैंक के लिए भूमि देने के लिए मंदिर समिति के सदस्यों को आभार भी जताया।

इसके साथ ही मंत्री गणेश जोशी ने आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा उत्तराखंड को दी गई बड़ी सौगात वंदे भारत ट्रेन के लिए उनका आभार भी प्रकट किया। गौरतलब है कि इस योजना से दून विहार की 1620 जनसंख्या को जलापूर्ति की जायेगी। योजना में निर्मित 01 नग नलकूप से 350 एलपीएम का स्राव प्राप्त हुआ है एवं 200 कि०मी० क्षमता के जलाशय के निर्माण उपरान्त पम्प हाऊस से राईजिंग मेन की लाईन को उक्त जलाशय से जोडा गया है एवं 370 मीटर नयी वितरण प्रणाली बिछाकर दून विहार में पर्व बिछी वितरण प्रणाली से जोड़ दून विहार क्षेत्रवासियों को जलापूर्ति की जा रही है। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष प्रदीप रावत, पार्षद संजय नौटियाल, सुरेंद्र राणा, पूनम नौटियाल, जल निगम के ईई दीपक नौटियाल, सचिन कुमार, निरंजन डोभाल, दया जोशी, जगदंबा प्रसाद डिमरी, किरण पासवान, भावना बिष्ट, विनय गुप्ता, राकेश चड्ढा, सुरेंद्र नेगी, पार्षद भूपेंद्र कथैत, चुन्नी लाल, कमल थापा, मनजीत रावत, विजय शर्मा, निशा शर्मा सहित सैकड़ों की संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

## संपादकीय



### बेटियों के मील-पत्थर

संघ लोक सेवा आयोग की अखिल भारतीय सेवाओं में देश की बेटियों ने परचम लहराए हैं। नए क्षितिज छुए हैं और नए आयाम खोले हैं। यह स्वप्न-सा लगता है कि जो बेटियां सामान्य पढ़ाई करते या नौकरी पर जाते दिखती थीं, अब कुछ अंतराल के बाद वे आईएएस अधिकारी होंगी। आईपीएस, आईएफएस और आईआरएस आदि सेवाओं में भी जाएंगी। जिला मजिस्ट्रेट, एसडीएम या सरकार में प्रथम श्रेणी के समकक्ष पदों पर आसीन होंगी। देश की व्यवस्था संचालित करेंगी, समाज-देश की सेवा भी करेंगी और निजी सम्मान, प्रतिष्ठा, सामाजिक उत्थान भी हासिल करेंगी। इस बार अखिल भारतीय सेवाओं में करीब 34 फीसदी सफलता बेटियों ने अर्जित की है। एक-तिहाई से अधिक सफल चेहरों में वे शुमार हैं। अखिल भारतीय स्तर पर पहले चार सर्वश्रेष्ठ स्थान भी बेटियों ने ही प्राप्त किए हैं। शीर्ष 20 सफल युवाओं में 12 बेटियां ही हैं। कुल 933 सफल चेहरों में 320 महिला-चेहरे हैं। यह आंकड़ा साल-दर-साल बढ़ता ही जा रहा है। बेटियों ने न केवल नए मील-पत्थर स्थापित किए हैं, बल्कि लैंगिक प्रतिनिधित्व को भी विस्तार दिया है, लेकिन घर और कार्यस्थल पर समानता और लैंगिक फासले आज भी गंभीर चुनौती हैं। बेटियों की यह मेहनतकश और बौद्धिक सफलता तात्कालिक नहीं होनी चाहिए। गर्व और गौरव का एहसास भी क्षणिक नहीं होना चाहिए। बेटियों ने नए रास्ते बनाए हैं। नई मंजिलें तय की हैं। वे औरत सिर्फ घर की चारदीवारी के लिए नहीं हैं। हमने भारत सरकार में सचिव के सर्वोच्च स्तर पर महिला अधिकारियों को देखा है। वे विदेशों में भारत की राजदूत या उच्चायुक्त जैसे संवेदनशील, कूटनीतिक पदों पर भी कार्यरत रही हैं। परमाणु और अंतरिक्ष विभागों में वैज्ञानिक भी हैं, लेकिन सरकार के ही भीतर मध्य से शीर्ष स्तर तक लैंगिक फासले कम किए गए हों, ऐसे सकारात्मक प्रयास बहुत कम किए गए हैं। ये सफल बेटियां, जो आईएएस चुनी गई हैं, भी कई वर्जनाओं से संघर्ष कर यहां तक पहुंची हैं। यदि देश के समूचे कार्य-बल को देखें, तो कामकाजी उम्र की बेटियों और महिलाओं की भागीदारी घट रही है। विश्व बैंक के आंकड़े हैं कि भारत में 2005 में यह औसत भागीदारी करीब 32 फीसदी थी, जो 2021 में घटकर 25 फीसदी तक लुढ़क आई है।

दैनिक न्यूज़ वायरस
**संपादक : मौ.सलीम सैफी, कार्यकारी संपादक :** आशीष कुमार तिवारी न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक मौ.सलीम सैफी द्वारा विश्वनाथ प्रिंटर्स, अजबपुर कलां, देहरादून से प्रकाशित एवं न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड, 48/3 बलबीर रोड, डालनवाला, देहरादून से मुद्रित। **फ़ोन :** 0135-4066790, 2672002 **RNI No. :** UT-THIN/2012/44094 **Cert. Ser. No. :** 31406 **E-mail :** dainiknewsvirus@gmail.com **Website :** www.newsvirusnetwork.com **YouTube :** TV News Virus
न्याय क्षेत्राधिकार : जनपद देहरादून (उत्तराखंड), भारत

# देहरादून : क्लोवर ऑर्गेनिक करेगा सच्चे स्वास्थ्य और तंदुरुस्ती की एक शाम का आयोजन




न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून 26 मई : सभी के लिए ताजा, रसायन मुक्त भोजन जो स्वस्थ, स्वादिष्ट और सस्ता हो उपलब्ध कराने के लक्ष्य के साथ क्लोवर ऑर्गेनिक 'वेलनेस्ट' कार्यक्रम आयोजित करने जा रहा है। क्लोवर ऑर्गेनिक द्वारा रज्ज़माताज़ कैफे प्रीतम रोड़ देहरादून में सच्चे स्वास्थ्य और तंदुरूस्ती की एक शाम का आयोजन किया जाएगा। सामाजिक आधार पर आयोजित कार्यक्रम का लक्ष्य 45,000 से अधिक किसानों को उचित सलाह देना और उनके उत्पादों की बिक्री का समर्थन करने के लिए 'वेलनेस्ट' का उपयोग करना है।

फ्लावर ऑर्गेनिक की इस परियोजना का उद्देश्य काफी रियायती दरों पर किसानों और नवोदित उद्यमियों को व्यावसायिक अवसर प्रदान करने के अलावा पर्यावरण का संरक्षण करना भी है। क्लोवर ऑर्गेनिक द्वारा किचन वेस्ट कंपोस्टिंग पर एक कार्यशाला आयोजित की जाएगी जिसमें आपके घर में एक सब्जी का खेत, मिट्टी के बर्तन बनाने की क्लास और अन्य अनुभवात्मक शिक्षण गतिविधियों का प्रदर्शन किया जाएगा। कार्यशाला में प्राकृतिक सामग्रियों का उपयोग और पर्यावरण को संरक्षित करने वाले पर्यावरण के अनुकूल उत्पाद भी प्रदर्शित किये जायेंगे।कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को अपने स्वयं के लाभ के लिए प्रस्तावित उत्पादों और सेवाओं को अपनाने के लिए प्रोत्साहित करना है। समस्त शहर-वासियों के स्वास्थ्य और कल्याण को बढ़ावा देने के लिए क्लोवर ऑर्गेनिक मासिक आधार पर 'वेलनेस्ट' कार्यक्रम आयोजित करने की योजना बना रहा है। फ्लावर ऑर्गेनिक ने रचा इतिहासक्लोवर ऑर्गेनिक प्राइवेट लिमिटेड ने पहली बार दो एफपीसीएस (किसान उत्पादक कंपनियों) के बीच व्यवसाय बनाकर इतिहास रचा है। उनाकोटी ऑर्गेनिक फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी, त्रिपुरा द्वारा पांडेश्वर नाथ धाम फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी, इलाहाबाद, उत्तर प्रदेश को लगभग 10,000 किलोग्राम अनानास बेचा गया।इस अनूठे और अपनी तरह के पहले लेनदेन से दोनों एफपीसीएस के किसानों को एक साथ लाभ होगा। इस शुरुआत से देश भर की सभी किसान उत्पादक कंपनियों को व्यवसाय के अनेक अवसर प्राप्त होंगे। अब किसान उत्पादक कंपनियां अपनी उपज के अलावा अन्य एफपीसी उत्पाद/उत्पादों को बेचकर भी पैसा कमा सकती हैं।

# जी-20 बैठक में आए डेलिगेट्स उत्तराखंड की सांस्कृतिक उत्कृष्टता से उत्साहित दिखे





न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून,ब्यूरो रिपोर्ट, नरेंद्र नगर (जनपद टिहरी गढ़वाल) में जी-20 की बैठक में सम्मिलित होने आए विभिन्न देशों के डेलिगेट्स के समक्ष गाला डिनर के दौरान उत्तराखंड की आध्यात्मिकता, तीर्थाटन और स्थानीय सांस्कृतिक विरासत पर आधारित प्रस्तुतीकरण दिया गया। सांस्कृतिक संध्या की शुरूआत राष्ट्रगान, डेलिगेट्स और मुख्य अतिथियों के स्वागत और दीप प्रज्वलन से की गई। आध्यात्मिकता और तीर्थाटन के प्रस्तुतीकरण में जहां योग, गंगा आरती दर्शन, चारधाम तीर्थ यात्रा, महासू देवता वंदना तथा स्थानीय देवी-देवताओं की देव डोलियों का प्रस्तुतीकरण दिया गया, वहीं सांस्कृतिक विरासत में गढ़वाली, कुमाऊनी व जौनसारी संस्कृति का प्रस्तुतीकरण दिया गया।





विभिन्न देशों से जी-20 बैठक में पधारे डेलिगेट्स उत्तराखंड की देवभूमि की विशिष्ट परंपरा, आध्यात्मिकता और सांस्कृतिक उत्कृष्टता से अभिभूत और उत्साहित दिखे। प्रस्तुतीकरण में भारतीय संस्कृति की सबसे बड़ी प्रेरणा वसुधैव कुटुंबकम (संपूर्ण पृथ्वी एक परिवार है) की झलक दिखी। इस अवसर पर सांस्कृतिक संध्या की प्रस्तुति के दौरान महामहिम राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गत सिंह , मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, केंद्रीय राज्य मंत्री मीनाक्षी लेखी और अजय भट्ट, उत्तराखंड विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूरी, पूर्व मुख्यमंत्री विजय बहुगुणा, उत्तराखंड कैबिनेट मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल, सुबोध उनियाल गणेश जोशी व सौरव बहुगुणा, सांसद गढ़वाल लोकसभा तीरथ सिंह रावत , राज्यसभा सांसद नरेश बंसल, विधायक मुन्ना सिंह चौहान, प्रीतम सिंह पवार, किशोर उपाध्याय, प्रदीप बत्रा , विनोद कंडारी, शक्ति लाल शाह व ब्रजभूषण गैरोला, मुख्य सचिव डॉ एस एस संधु, मेयर ऋषिकेश अनीता मंगाई सहित अन्य गणमान्य उपस्थित थे।

